Transport for NSW

सड़क सुरक्षा

बस में सीटबेल्ट सुरक्षा

अगर बस में सीटबेल्ट लगी है, तो आपके बच्चे को सीटबेल्ट का इस्तेमाल करना ज़रूरी है। **यह कानून है**।

बस में सीटबेल्ट सही ढंग से पहनने के महत्व के बारे में अपने बच्चे से बात करें।

उन्हें याद दिलाएं कि वाहन चाहे कोई भी हो, उन्हें सीटबेल्ट सही ढंग से पहननी होगी।

जबकि आप या कोई अन्य वयस्क आमतौर पर अपने बच्चे को सीट बेल्ट लगाने में मदद करते हैं, उन्हें याद दिलाएँ कि हो सकता है कि स्कूल बस में होने पर ऐसा करना संभव नहीं हो। यह महत्वपूर्ण है कि वे अपनी सीटबेल्ट को अच्छी तरह से एडजस्ट करके रखें। सीटबेल्ट का गोदी वाला हिस्सा सपाट होना चाहिए और मुड़ा हुआ नहीं होना चाहिए।

सीटबेल्ट क्यों महत्वपूर्ण है?

सीटबेल्ट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में आपके बच्चे की रक्षा में मदद मिलती है।

दुर्घटना में, सीटबेल्ट से:

- शरीर का हिलना-डुलना, वाहन के धीमे होने की गति के समान गति पर ही धीमा होने में मदद मिलती है
- टक्कर का प्रभाव शरीर के मजबूत भागों (पैल्विस और छाती क्षेत्र) पर फैलता है
- यात्रियों के एक दूसरे से टकराने या वाहन के अंदरूनी हिस्से से टकराने का जोखिम कम हो जाता है
- इससे चालक या यात्रियों के वाहन से बाहर गिर जाने का खतरा कम हो जाता है।

सीटबेल्ट पहनने से दुर्घटना में बचने की संभावना दोगुनी हो जाती है और चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

अपने परिवार की सुरक्षा के लिए, हमेशा सुनिश्चित करें कि वे सभी सही ढंग से सीट बेल्ट बांधें।

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।

अपने बच्चे के साथ साझा करने के लिए महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा संदेश

- क्लिक, क्लैक, आगे और पीछे
- हमेशा सुरक्षित रूप से सीट बेल्ट बांधें

स्टॉक कोड 45095240 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

NSW GOVERNMENT

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।

TOWARDS ZERO